भारत सरकार
रसायन और उर्वरक मंत्रालय
उर्वरक विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 4639

जिसका उत्तर शुक्रवार, 20 मार्च, 2026/29 फाल्गुन, 1948 (शक) को दिया जाना है।

घरेलू उर्वरक उत्पादन में कमी

4639. श्री बृजेन्द्र सिंह ओला:

क्या **रसायन और उर्वरक मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच है कि पिछले तीन वर्षों के दौरान देश में अनुमानित मांग की तुलना में घरेलू उर्वरक उत्पादन में कमी आई है;
(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी वर्ष-वार ब्यौरा क्या है;
(ग) इस कमी को पूरा करने के लिए उर्वरकों के आयात पर कितनी निर्भरता रही है;
(घ) क्या राजस्थान में बुवाई के व्यस्ततम मौसम के दौरान उर्वरकों की समय पर उपलब्धता प्रभावित हुई है;
(ड.) क्या केन्द्रीय बजट में बंद पड़ी उर्वरक इकाइयों के पुनरुद्धार अथवा घरेलू उत्पादन क्षमता के विस्तार के लिए किए गए प्रावधान का उद्देश्य आपूर्ति जोखिम को कम करना है; और
(च) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

रसायन एवं उर्वरक मंत्रालय में राज्य मंत्री
(श्रीमती अनुप्रिया पटेल)

(क) से (ग): पिछले तीन वर्षों 2022-23, 2023-24 और 2024-25 के दौरान देश में यूरिया, डीएपी, एमओपी और एनपीके जैसे उर्वरकों की उपलब्धता पर्याप्त बनी रही। देश में उर्वरकों की पर्याप्त और समय पर उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए आयात के माध्यम से उर्वरकों की मांग और स्वदेशी उत्पादन के बीच अंतर को पहले से ही पूरा कर लिया जाता है। पिछले तीन वर्षों 2022-23 से 2024-25 के दौरान यूरिया, डीएपी, एमओपी और एनपीके जैसे प्रमुख उर्वरकों का वर्ष-वार घरेलू उत्पादन, मांग और आयात **अनुलग्नक** में दिया गया है।

(घ): चल रहे रबी मौसम 2025-26 के दौरान राजस्थान राज्य में यूरिया, डीएपी, एमओपी और एनपीके जैसे उर्वरकों की उपलब्धता पर्याप्त बनी रही। राजस्थान राज्य में 01.10.2025 से 15.03.2026 तक इन उर्वरकों की आवश्यकता, उपलब्धता, बिक्री और अंतिम स्टॉक संबंधी सूचना निम्नानुसार दी गई है:

राजस्थान राज्य में रबी 2025-26 (15 / 03 / 26 तक) के लिए उर्वरक की स्थिति						
						(आंकड़ें एलएमटी में)
क्र. सं.	उत्पाद	रबी 2025-26 के लिए मौसमी आवश्यकता	01/10/25 से 15/03/26 तक यथानुपातिक आवश्यकता	01/10/25 से 15/03/26 तक उपलब्धता	01 / 10 / 25 से 15 / 03 / 26 तक संचयी डीबीटी बिक्री	15/03/26 तक अंतिम स्टॉक
1	यूरिया	15.00	14.48	18.57	14.40	4.17
2	डीएपी	4.50	4.45	5.68	4.10	1.58
3	एमओपी	0.60	0.55	0.67	0.28	0.40
4	एनपीकेएस	1.50	1.47	0.99	0.61	0.38

(ड.) से (च) : यूरिया के संबंध में, सरकार ने यूरिया क्षेत्र में नए निवेश को सुविधाजनक बनाने और यूरिया क्षेत्र में भारत को आत्मनिर्भर बनाने के लिए 2 जनवरी, 2013 को नई निवेश नीति (एनआईपी)-2012 की घोषणा की और 7 अक्टूबर, 2014 को इसमें संशोधन किया। एनआईपी-2012 के तहत कुल 6 नई यूरिया इकाइयां स्थापित की गई हैं जिनमें नामित सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों की संयुक्त उद्यम कंपनियों (जेवीसी) के माध्यम से स्थापित 4 यूरिया इकाइयां और निजी कंपनियों द्वारा स्थापित 2 यूरिया इकाइयां शामिल हैं। तेलंगाना में रामागुंडम फर्टिलाइजर्स एंड केमिकल्स लिमिटेड (आरएफसीएल) की रामागुण्डम यूरिया इकाई तथा हिंदुस्तान उर्वरक एंड रसायन लिमिटेड (एचयूआरएल) की 3 यूरिया इकाइयां नामत: गोरखपुर, सिंदरी और बरौनी क्रमश: उत्तर प्रदेश, झारखंड और बिहार में जेवीसी के माध्यम से स्थापित इकाइयां हैं। पश्चिम बंगाल में मैटिक्स फर्टिलाइजर्स एंड केमिकल्स लिमिटेड (मैटिक्स) की पानागढ़ यूरिया इकाई; और राजस्थान में चंबल फर्टिलाइजर्स एंड केमिकल्स लिमिटेड (सीएफसीएल) की गड़ेपान-।।। यूरिया इकाई निजी कंपनियों द्वारा स्थापित इकाइयां हैं। इनमें से प्रत्येक इकाई की संस्थापित क्षमता 12.7 लाख मीट्रिक टन प्रति वर्ष (एलएमटीपीए) है। ये इकाइयां अत्यधिक ऊर्जा दक्ष हैं क्योंकि ये अद्यतन प्रौद्योगिकी पर आधारित हैं।

इसके अलावा, कोयला गैसीकरण रूट पर 12.7 एलएमटीपीए का एक नया ग्रीनफील्ड यूरिया संयंत्र स्थापित करके नामित सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों की जेवीसी नामत: तालचेर फर्टिलाइजर्स लिमिटेड (टीएफएल) के माध्यम से एफसीआईएल की तालचेर इकाई को पुनर्जीवित करने के लिए एक विशेष नीति भी अनुमोदित की गई है। हाल ही में, केंद्रीय मंत्रिमंडल ने ब्रह्मपुत्र वैली फ़र्टिलाइज़र कारपोरेशन लिमिटेड (बीवीएफसीएल), नामरूप असम के मौजूदा परिसर के भीतर 12.7 लाख मीट्रिक टन (एलएमटी) वार्षिक यूरिया उत्पादन क्षमता के एक नए ब्राउनफील्ड अमोनिया-यूरिया कॉम्प्लेक्स की स्थापना के प्रस्ताव को मंजूरी दी है! ये दोनों परियोजनाएं क्रियान्वयन चरण में है।

अनुलग्नक

पिछले तीन वर्षों 2022-23 से 2024-25 के दौरान यूरिया, डीएपी, एमओपी और एनपीके जैसे प्रमुख उर्वरकों का घरेलू उत्पादन, मांग और आयात

(आंकड़ें एलएमटी में)

	यूरिया			डीएपी			एनपीकेएस			एमओपी		
वर्ष	**मांग**	**उत्पादन**	**आयात**	**मांग**	**उत्पादन**	**आयात**	**मांग**	**उत्पादन**	**आयात**	**मांग**	**उत्पादन**	**आयात**
2022-23	359.19	284.94	75.8	114.2	43.47	65.83	120.69	100.40	27.52	34.17	लागू नहीं*	18.66
2023-24	356.08	314.09	70.42	110.18	42.93	55.67	126.31	101.85	22.17	27.62	लागू नहीं *	28.69
2024-25	364.01	306.67	56.47	111.92	37.69	45.69	151.29	121.05	22.72	22.21	लागू नहीं *	35.41

- एमओपी घरेलू स्तर पर उत्पादित नहीं किया जाता है और इसे 100% आयात किया जाता है।

****